मैरी एनिंग

जीवाश्म खोजने वाली लड़की

लारेंस एनहोल्ट

चित्र: शीला मोक्सली

जीवाश्म खोजने वाली लड़की

लारेंस एनहोल्ट

चित्र: शीला मोक्सली

जब मैरी एनिंग बच्ची थी, तब उस पर आकाश से बिजली गिरी थी. बिजली ने एक विशाल एल्म के पेड़ को तोड़ दिया और मैरी को उसकी नर्स की बांहों से दूर फेंक दिया.

जब मैरी के पिता ने यह भयानक समाचार सुना तो वो अपनी बढ़ई की वर्कशॉप में थे. उन्होंने अपना हथौड़ा रखा और वो तेज़ी से लाइम रेजिस की तूफानी सड़कों से होकर भागे. धीरे से, उन्होंने अपनी छोटी बेटी के ढीले शरीर को उठाया. बच्ची को देखकर उनकी आँखों के आँसू बारिश की तरह बह निकले.

लेकिन फिर, एक असाधारण बात घटी. मैरी ऐमिंग ने धीरे से अपनी आँखें खोलीं. उसने अपना छोटा सा हाथ बढ़ाया और अपने पिता के आश्चर्यचकित चेहरे को छुआ. और फिर वो छोटी लड़की मुस्कुराने लगी.

तब मैरी के पिता को एहसास हुआ - कि मैरी एनिंग कोई साधारण लड़की नहीं थी!

तीन साल लहरों की तरह गुज़र गए. मैरी एक चतुर लड़की बन गई. "बिजली की तरह तेज़ दिमाग वाली!" उसकी माँ ने चिढ़ाया.

पिता को छोड़कर मैरी के बहुत कम ही दोस्त थे, जिनसे वो बहुत प्यार करती थी. शहर के बाकी सभी लोगों की तरह, वो भी पिता की धब्बेदार दाढ़ी के कारण उन्हें "पेप्पर" बुलाती थी.

एक शनिवार पेप्पर ने अपनी वर्कशॉप जल्दी बंद कर दी. वो मैरी को समुद्र के किनारे चट्टानों के पास ले गए. मैरी ने पिता का हाथ कसकर पकड़ लिया क्योंकि वो जानती थी कि वो स्थान कितना खतरनाक हो सकता था. लाइम रेजिस की मिट्टी की चट्टानें, पिघलती चॉकलेट की तरह नरम थीं. मैरी ने कभी-कभी जमीन के बड़े-बड़े टुकड़ों को, नीचे समुद्र तट पर फिसलते और पानी में गिरते देखा था.

पेप्पर के पास चट्टानों के बारे में तमाम कहानियाँ थीं. उन्होंने चरने वाले मवेशियों के पैरों के नीचे से ज़मीन गायब होती देखी थी. उन्होंने कहा, वो एक ऐसी जगह जानते थे, जहां आधा फार्महाउस चट्टान के किनारे पर अभी भी संतुलित टिका हुआ था. पेप्पर और उनके साथ खदान में काम करने वाले दोस्त ने झाँककर देखा और वहां पर रसोई और यहाँ तक कि बगीचे के गेट के अवशेष भी देखे, जो नीचे चट्टानों पर टुकड़ों में टूटे पड़े थे.

जब वे ब्लैक वेन नामक स्थान पर पहुंचे तो पेप्पर ने अपनी जेब में हाथ डाला. मैरी को तब आश्चर्य हुआ, जब पेप्पर ने अपना सबसे अच्छा स्टील का हथौड़ा निकाला. वो सूखी मिट्टी की एक बड़ी चट्टान के पास घुटनों के बल बैठ गए और ध्यानपूर्वक मिट्टी को थपथपाने लगे.

"आप क्या ढूंढ रहे हैं?" मैरी ने रेत पर नाचते हुए पूछा.

"बस थोड़ा धैर्य रखो," पेप्पर हँसे.

वो इतनी सावधानी से काम कर रहे थे मानो वो फर्नीचर का कोई बढ़िया मॉडल बना रहे हों. मैरी करीब झुकी. क्या वहाँ कुछ छिपा हुआ था? ठीक पत्थर के अंदर!

आख़िरकार पेप्पर ने उसे पत्थर के अंदर मुक्त किया और वो चीज़ मैरी को सौंप दी.

"यह... यह एक खजाना है!" उन्होंने हांफते हुए कहा.

"हम इसे स्नेकस्टोन कहते हैं," पेप्पर मुस्कुराए. "यह एक छोटा सा तोहफा तुम्हारे लिए एक उपहार है मैरी."

वो मैरी द्वारा अब तक देखी गई सबसे सुंदर चीज़ थी. वर्कशॉप में वापस आकर पेप्पर ने स्नेकस्टोन को पॉलिश किया और उसे मैरी के लिए एक डोरी पर लटका दिया - एक आदर्श हार की तरह.

उस रात मैरी सो नहीं सकी. उसके सिर में उस सुनहरे पत्थर के विचार घूम रहे थे. "यहाँ की चट्टानें तमाम खजानों से भरी पड़ी हैं," वो बार-बार फुसफुसाती रही.

उस दिन से, मैरी ने अपना हर खाली पल ख़ज़ाने की खोज में बिताया. उसकी आँखें तेज़ थीं और उसने हर जगह, हर आकार में खजाने खोजे - छोटे चमकदार, चक्की के पाट जितने बड़े संगमरमर वाले पत्थरों में, उंगलियों जैसे सीधे पत्थरों में, या पौधों की तरह नाज़ुक चट्टानों में भी.

पेप्पर ने मैरी को उनके अजीब, जादुई नाम थंडरबोल्ट्स, परियों के दिल, मगरमच्छ के दांत, राक्षस के नाखून सिखाए. पेप्पर ने मैरी को अपनी वर्कशॉप में उसके संग्रह को रखने के लिए विशेष दराज भी दी.

लेकिन जब अन्य बच्चों ने मैरी को चट्टानों के पास ख़ज़ाने का शिकार करते देखा तो वे हँसे और उन्होंने उसे चिढ़ाया. किसी ने एक कविता बनाई "पत्थर वाली लड़की. हड्डी वाली लड़की! बाहर निकलो लड़की,"

जब ऐसा होता तो मैरी, पेप्पर के पास रोती हुई दौड़ती हुई जाती थी.

उस साल शहर में अब तक की सबसे अधिक बारिश वाली और तूफानी सर्दी पड़ी. बड़ी लहरों ने छोटे-छोटे घरों को ध्वस्त कर दिया और चट्टानें और भी नरम और खतरनाक हो गईं. इसलिए मैरी उनसे दूर ही रही.

ठंडी, नम हवा के कारण पेप्पर बीमार पड़ गए. अब पेप्पर बूढ़े और थके हुए दिखने लगे और कभी-कभी वो इतनी जोर से खांसते थे कि मैरी को डर लगने लगता था.

एक शाम कुछ अमीर महिलाएँ पेप्पर की वर्कशॉप में आईं. मैरी जानती थी कि वे कौन थीं - वे फिल्पोट बहनें थीं जो शहर के रईस इलाके के एक अच्छे घर में एक साथ रहती थीं. लोग उन्हें वैज्ञानिक कहते थे.

महिलाओं में सबसे छोटी, एनी फिल्पोट चाहती थी कि पेप्पर उसके लिए एक सामने शीशा लगा कैबिनेट बनाए जिसमें वो अपने ख़ज़ाने प्रदर्शित कर सके.

मैरी उछल पड़ी. उसे विश्वास ही नहीं हो रहा था कि किसी और को भी उन ख़ज़ानों में दिलचस्पी होगी.

"क्षमा करें," मैरी ने घबराते हुए कहा, "क्या आप मेरा संग्रह देखना चाहेंगी?" और फिर उसने दराज खींचकर खोल दी.

"वाह!" महिलाओं को हांफते हुए कहा. "कितने अद्भुत जीवाश्म हैं!"

जीवाश्म? मैरी ने यह शब्द पहले कभी नहीं सुना था. मिसेज फिल्पोट मुस्कुराईं. वे देख सकती थीं कि मैरी को अपने संग्रह के बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं थी.

"देखो, मेरी बात सुनो, मैरी." एनी फिल्पोट ने कहा. "जब पेप्पर मेरा छोटा सा कैबिनेट तैयार कर लें, तो तुम भी उनके साथ हमारे घर आना. हम मिलकर चाय पिएंगे और फिर हम तुम्हें अपना संग्रह दिखाएंगे"

तीन लंबे हफ्तों तक मैरी ने कैबिनेट खत्म करने के लिए पेप्पर का इंतजार किया. ऐसा लग रहा था कि वो पहले से कहीं अधिक धीमी गति से काम कर रहे थे. मैरी को उनकी बहुत चिंता थी.

लेकिन आख़िरकार, कैबिनेट ख़त्म हुआ. लकड़ी उसी पेड़ की थी जिस पर बिजली गिरी थी और जिससे बेबी मैरी की लगभग मृत्यु हो गई थी. मैरी ने सोचा कि वो कैबिनेट पेप्पर द्वारा अब तक की बनाई गई सबसे सुंदर चीज़ थी.

धीरे-धीरे, पेप्पर ने कैबिनेट को भूरे कागज में लपेटा और उसे डोरी से बांध दिया. मैरी को चूमते समय उनके बूढ़े हाथ काँप रहे थे.

मैरी ने फिल्पोट के आलीशान घर जैसा पहले कुछ नहीं देखा था. हर कमरे में महँगे गलीचे और चाय परोसने के लिए नौकरानियाँ थीं. इनमें सबसे अद्भुत वहां पर "जीवाश्म खजानों" का संग्रह था. मिसेज फिल्पोट ने बताया कि जीवाश्म प्राचीन समुद्री जीवों के अवशेष थे जिन्हें मिट्टी में संरक्षित हुए थे.

सब कुछ इतना दिलचस्प था कि मैरी घबराना ही भूल गई. तब एनी फिलपॉट ने उसे एक बड़ा दांत दिखाया जो उसने खोजा था.

"यह एक महान समुद्री राक्षस का दांत है," उसने कहा. उसने मैरी से कहा कि उसका मानना है कि बाकी प्राणी अभी भी बाहर चट्टानों में कहीं छिपा होगा. "अगर कोई उसे कभी खोजेगा, मैरी! तो वो अब तक का सबसे बड़ा जीवाश्म खजाना होगा."

जब मैरी पहाड़ी से नीचे भागी तो लगभग अंधेरा हो गया था. जैसे ही उसने वर्कशॉप का दरवाज़ा धक्का देकर खोला, उसे पता चल गया कि कुछ गड़बड़ है.

पेप्पर की मृत्यु के बाद वर्कशॉप एकदम शांत हो गई थी. मैरी को ऐसा लगा मानो उसकी आधी दुनिया ख़त्म हो गई हो, जैसे कि चट्टान के किनारे पर वो फार्महाउस था. और अब घर में पैसे भी नहीं बचे थे. मैरी की माँ ने वो सब कुछ बेचना शुरू कर दिया जो वो बेंच सकती थीं और फिर भी वे भूखे सोते थे.

एक शाम, मैरी घूमते-घूमते चर्चयार्ड तक पहुँची. हर चीज़ पर भारी कोहरा छाया हुआ था. फटे हुए बादलों के पीछे, नींबू के टुकड़े के आकार वाला चंद्रमा चमक रहा था. जैसे ही मैरी उस पत्थर के पास पहुंची जो पेप्पर की कब्र को चिह्नित करता था, अंधेरे में कुछ हिलने लगा.

एक पल के लिए तो मैरी डर गई, लेकिन करीब आने पर उसे एहसास हुआ कि वो कुछ और नहीं बल्कि एक अजीब सा छोटा कुत्ता था... धब्बेदार कोट वाला एक छोटा कुत्ता!

कुत्ते ने आकर मैरी के हाथ को चाटा. जब वो घर चलने के लिए मुड़ी, तो छोटा कुत्ता भी उसके पीछे-पीछे चला. आख़िरकार, कुत्ता वर्कशॉप में भाग गया और मेज़ के नीचे छिप गया.

मैरी हँसी, "शायद तुम्हें भी एक दोस्त की ज़रूरत है." उस क्षण से मैरी और वो कुत्ता कभी अलग नहीं हुए.

उस गर्मी में शहर छुट्टियाँ बिताने वालों से भरा हुआ था. जब मैरी और उसका कुत्ता अमीर महिलाओं और सज्जनों को सड़कों पर घूमते हुए देख रहे थे, तो मैरी के दिमाग में अचानक एक विचार आया - शायद वो अपने जीवाश्म उनको बेच सकती थी!

उसने वर्कशॉप से एक मेज को फुटपाथ पर खींची और अपने संग्रह के जीवाश्मों को मेज़ पर सावधानीपूर्वक व्यवस्थित किया - अपने गले के स्नेकस्टोन को छोड़कर बाकी सभी को. वो कभी भी स्नेकस्टोन से अलग नहीं होगी. उसने अपनी बेहतरीन लिखावट में एक छोटा सा चिन्ह लिखा. "बिक्री के लिए जीवाश्म". फिर मैरी एनिंग और छोटा कुत्ता इंतजार करने के लिए वहीं बैठ गये.

बच्चों का एक समूह सबसे पहले आया. वे हँसने लगे और बेचारी मैरी की ओर इशारा करने लगे. "पत्थर वाली लड़की. हड्डी वाली लड़की! बाहर निकलो लड़की," वे चिल्लाए.

पूरे दिन मैरी इंतजार करती रही. वो अपनी मेज समेटने ही वाली थी कि महिलाओं और अमीर सज्जनों का एक समूह वहाँ आया.

"कितने आकर्षक हैं!" एक महिला ने कहा.

"वे क्या हैं?" किसी और से पूछा.

"उससे एक आनंददायक ब्रोच बनेगा..."

"या एक बगीचे का आभूषण..."

और इस प्रकार मैरी एनिंग ने अपना पहला जीवाश्म बेचा - और जब वे अमीर लोग चले गए तब मैरी की जेब सिक्कों के भार से लटक गई.

"मुझे पता था कि मैं सही थी!" मैरी ने अपने कुत्ते के कान में फुसफुसाया. "ये सिर्फ साधारण पत्थर नहीं हैं - ये वास्तव में खजाना हैं. काश मैं उस समुद्री राक्षस को ढूंढ पाती!"

सारी गर्मियों भर मैरी अपनी दुकान के लिए क्यूरियोसिटीज़ यानि जीवाश्म की खोज करती रही. उसने मिसेस फिल्पोट से जीवाश्मों के बारे में किताबें उधार लीं और उसने वो सब कुछ सीखा जो वो सीख सकती थी.

मैरी जो पैसा कमा रही थी उससे उसकी माँ खुश थीं, लेकिन माँ खतरनाक चट्टानों पर अकेले मैरी के घूमने से चिंतित भी थीं. मैरी ने माँ को आश्वस्त किया कि छोटा कुत्ता आपात स्थिति में उसकी मदद के लिए दौड़ेगा.

अपनी खोजों के दौरान मैरी ने प्रागैतिहासिक काल में विशाल समुद्री राक्षस और चट्टानों के बारे में अधिक से अधिक सोचा, उसने असाधारण प्राणियों द्वारा बसाए गए शानदार परिदृश्यों की कल्पना की.

एक सुबह, मैरी दिन में सपने देखने में इतनी व्यस्त थी; उसने ध्यान नहीं दिया कि उसका कहाँ कुत्ता भटक गया था. मैरी कुत्ते को पुकारते हुए समुद्र तट पर दौड़ी. लेकिन वो उसे कहीं नज़र ही नहीं आया.

आख़िरकार, उसने हल्की सी भौंकने की आवाज़ सुनी. उसने चट्टान के ढलान वाले किनारे पर अपने धब्बेदार कुत्ते को देखा.

मैरी ने उसे नीचे आने के लिए बुलाया, लेकिन छोटा कुत्ता वहां से नहीं हिला. वो गुस्से में मिट्टी में से किसी चीज़ को खरोंच रहा था.

मैरी के पास कोई और विकल्प नहीं था. वो धीरे-धीरे चट्टान पर चढ़ने लगी. आख़िरकार, वो उस छोटी सी कगार पर पहुँची जहाँ उसका कुत्ता खड़ा था. उसका दिल धड़क रहा था. उसने जो देखा उसे उस पर विश्वास नहीं हुआ... एक विशाल खोपड़ी, मैरी को देखकर मुस्कुरा रही थी! छोटे कुत्ते ने समुद्री राक्षस खोज निकाला था!

सारी सुबह, मैरी ने पेप्पर्स के हथौड़े से वहां खुदाई की. वहाँ उस खोपड़ी के अलावा और बहुत कुछ भी था - शायद एक पूरा कंकाल. लेकिन मैरी के लिए उसे अकेले खोदना एक बहुत बड़ा काम था. कौन उसकी मदद कर सकता था? अचानक, उसे पेप्पर के पुराने दोस्त, खदान वाले, याद आए.

समुद्री राक्षस की रक्षा के लिए छोटे कुत्ते को छोड़कर, मैरी एनिंग सावधानी से समुद्र तट पर गई, फिर खदान की ओर तेजी से दौड़ी.

"मुझे वो मिल गया है!" वो चिल्लाई. "मुझे समुद्री राक्षस मिल गया है!"

दस मिनट से भी कम समय में, मैरी चट्टान के किनारे गैंती और फावड़े लेकर खदान मज़दूरों के एक समूह का नेतृत्व कर रही थी.

यह खबर पूरे कस्बे में आग की तरह फैल गई. "मैरी एनिंग को समुद्री राक्षस मिल गया है! मैरी एनिंग ने उसे ढूंढ लिया है!"

खुदाई देखने के लिए समुद्र तट पर एक उत्साहित भीड़ जमा हो गई. मिसेज फिल्पोट अपने अच्छे कपड़ों में पहुंचीं और उन्होंने मैरी की जबरदस्त सराहना की. यहाँ तक कि जिन बच्चों ने उसे चिढ़ाया था वे भी देखने आये, लेकिन अब वे हँस नहीं रहे थे.

जब शाम का सूरज समुद्र में पिघल रहा था तब एक अजीब जुलूस शहर में वापस आया. कीचड़ में सनी एक छोटी लड़की उस भीड़ का नेतृत्व कर रही थी. पीछे, छह मजबूत खदानकर्मी सावधानी से एक असली समुद्री राक्षस की हड्डियों को उठाकर ले जा रहे थे. वे हड्डियां एक पेड़ जितनी लंबी और एक सौ पैंसठ मिलियन वर्ष से अधिक पुरानी थीं.

पूरी दुनिया के देखने के लिए कंकाल को पेपर्स वर्कशॉप के फर्श पर रखा गया.

उसके बाद कई महीनों तक बाहर के आगंतुक लाइम रेजिस की "जीवाश्म लड़की" से मिलने आते रहे. प्रसिद्ध वैज्ञानिक लंदन से गाड़ियों में आए, और यहां तक कि सैक्सोनी के राजा भी आए.

सबने कहा कि वो अब तक पाया गया सबसे महत्वपूर्ण जीवाश्म था. उन्होंने उस राक्षस को इचिथियोसोरस - "मछली छिपकली" नाम दिया. जिस संग्रहालय ने उसे खरीदा था उसने मैरी और उसकी माँ को पर्याप्त धन दिया जिससे वो अपना शेष जीवन खुशी से बिता सकें.

लेकिन अजीब बात यह थी कि छोटा धब्बेदार कुत्ता गायब हो गया था. मानो कि उसने अपना काम ख़त्म कर दिया हो और फिर वो कहीं चला गया हो. कभी-कभी, मैरी कल्पना करती थी कि उसे समुद्र-धुंध में दूर कहीं हल्की-हल्की भौंकने की आवाज़ सुनाई देती थी. तब मैरी एनिंग मुस्कुराती थी और अपनी गर्दन में लटके स्नेकस्टोन को छूती थी और फिर गर्म वर्कशॉप में वापस चली जाती थी जहाँ की अलमारियाँ अंधेरे और खतरनाक चट्टानों में पाए जीवाश्मों से भरी हुई थीं.

मैरी एनिंग

मैरी ऐनिंग का जन्म 1799 में हुआ था और उसने अपना सारा जीवन डोरसेट में लाइम रेजिस में बिताया. पंद्रह महीने की उम्र में वो बिजली गिरने से बच गई, जिसमें दो बड़ी लड़कियों और उसकी नर्स की मौत हो गई थी. मैरी हमेशा से ही जिद्दी और स्वतंत्र थी और बाद में वो एक प्रसिद्ध स्थानीय नागरिक बनी, जो अपने छोटे कुत्ते के साथ जीवाश्मों की तलाश करती थी. उस समय एक युवा लड़की के लिए यह एक असाधारण व्यवसाय था.

महान इचथ्योसॉरस, जिसे मैरी ने बारह साल की उम्र में खोजा था, मैरी की कई खोजों में से पहला था जिसने "एवोलूशन" के नए विज्ञान के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई - जो अंततः डार्विन की "प्रजातियों की उत्पत्ति" (origin of species) की ओर अग्रसर हुआ. बाद में मैरी ने प्लेसीओसॉर, टेरोसॉर, इचथ्योसोर और सैकड़ों अन्य जीवाश्मों की खोज की जिन्हें अभी भी दुनिया भर के संग्रहालयों में देखा जा सकता है.

आज भी लाइम रेजिस जीवाश्म शिकारियों को आकर्षित करता है और बच्चे अभी भी लाइम रेजिस की जीवाश्म लड़की मैरी एनिंग के बारे में एक टंग-ट्विस्टर दोहराते हैं.

"She sells sea shells on the sea shore.

The shells that she sells are sea shells, I'm sure.

So, if she sells sea shells on the sea shore

I'm sure that the shells are sea shore shells "